**सर्वोच्च प्राथमिकता**

पत्रांक– 863 /के0च0प0

**अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति (शहीद स्मारक), पटना–800001

प्रेषक,

**डॉ0 एस0के0सिंघल,**

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**

**बिहार, (गया जिला को छोड़कर)।**

दिनांक– **08.09.2023**

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक 684/के0च0प0 दिनांक 02.08.2023

**विषय :– केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अन्तर्गत बिहार पुलिस संगठन में 'सिपाही' के रिक्त 21,391 पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 01.10.2023 (रविवार), 07.10.2023 (शनिवार) एवं 15.10.2023 (रविवार) को दो–दो पालियों में आयोजित कराने के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अन्तर्गत बिहार पुलिस संगठन में 'सिपाही' के **रिक्त 21,391 (इक्कीस हजार तीन सौ इक्यान्वे)** पदों पर चयन के लिए उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी, तदोपरान्त उनका शारीरिक दक्षता/जाँच परीक्षण कराया जाएगा। लिखित परीक्षा हेतु संबंधित जिलाधिकारी अपने जिला के लिए परीक्षा संयोजक (Exam co-ordinator) मनोनीत किये जाते हैं।

(2) इस संबंध में लिखित परीक्षा राज्य के सभी जिलों में (गया जिला को छोड़कर) आयोजित कराये जाने की तिथि **दिनांक 01.10.2023 (रविवार), दिनांक 07.10.2023 (शनिवार) एवं दिनांक 15.10.2023 (रविवार) को दो पालियों में** आयोजित की जाएगी।

| **क्र0सं0** | **पाली** | **दिनांक** | **परीक्षा अवधि (दो घंटे)** | **अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग टाईम** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम पाली | 01.10.2023 (रविवार) | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | 08:00 बजे पूर्वाह्न |
| 2 | द्वितीय पाली | 01.10.2023 (रविवार) | 15.00 बजे अपराह्न से 17.00 बजे अपराह्न तक | 13:00 बजे अपराह्न |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | प्रथम पाली | 07.10.2023 (शनिवार) | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | 08:00 बजे पूर्वाह्न |
| 4 | द्वितीय पाली | 07.10.2023 (शनिवार) | 15.00 बजे अपराह्न से 17.00 बजे अपराह्न तक | 13:00 बजे अपराह्न |
| 5 | प्रथम पाली | 15.10.2023 (रविवार) | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | 08:00 बजे पूर्वाह्न |
| 6 | द्वितीय पाली | 15.10.2023 (रविवार) | 15.00 बजे अपराह्न से 17.00 बजे अपराह्न तक | 13:00 बजे अपराह्न |

**नोट :- प्रथम पाली के सभी अभ्यर्थी पूर्वाह्न 09.00 बजे से पहले अपने-अपने निर्धारित आबंटित रौल नंबर स्टिकर पर अंकित नाम, रौल नंबर एवं फोटों के अनुरूप बैठाये जायेंगे ताकि शांतिपूर्ण एवं कदाचार रहित परीक्षा संपन्न कराने के लिए अन्य प्रक्रियाएँ यथा-Jammer का अधिष्ठापन, अभ्यर्थियों की Biometric & Photography आदि भी की जा सकें। इसी प्रकार द्वितीय पाली के सभी अभ्यर्थी अपराह्न 13.00 बजे से पहले अपने-अपने निर्धारित आबंटित रौल नंबर स्टिकर पर अंकित नाम, रौल नंबर एवं फोटों के अनुरूप बैठाये जायेंगे ताकि शांतिपूर्ण एवं कदाचार रहित परीक्षा संपन्न कराने के लिए अन्य प्रक्रियाएँ यथा- Jammer का अधिष्ठापन, अभ्यर्थियों की Biometric & Photography आदि भी की जा सकें।**

**जिलावार/पालीवार परीक्षा केन्द्रों की सूची अभ्यर्थियों की संख्या सहित संलग्न की जाती है।**

(3) प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए योग्य केन्द्राधीक्षक की नियुक्ति भी कर दी गई है। वीक्षक की नियुक्ति के पूर्व यह सुनिश्चित हो लेना आवश्यक है कि **वीक्षक का कोई वार्ड/संबंधी उन्हीं के परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी न हो,** साथ ही वे योग्य एवं स्वच्छ छवि के हों तथा उनके विरूद्ध परीक्षा संबंधी अथवा अन्य किसी तरह के कदाचार का मामला लंबित न हो। निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक का नाम, पदनाम, पता, बैंक का नाम एवं एकाउन्ट नम्बर, बैंक का आई0एफ0एस0सी0 कोड, मोबाइल/दूरभाष संख्या पर्षद को उपलब्ध करायी गयी है। पर्षद परीक्षा केन्द्रों को खर्च राशि CFMS के माध्यम से प्रत्येक जिला पदाधिकारी के Pay ID पर भेजेगी। जिला पदाधिकारी प्रत्येक केन्द्राधीक्षक को उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खाता में ससमय वांछित राशि हस्तान्तरित करना कृपया सुनिश्चित करेंगे।

(4) विदित हो कि लिखित परीक्षा संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन के स्तर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मानदेय की राशि पर्षद द्वारा दी जाती है। यह राशि भी पर्षद द्वारा प्रत्येक जिला पदाधिकारी के Pay ID पर भेजी जाएगी।

(5) उपर्युक्त लिखित परीक्षाओं हेतु राज्य के 37 जिलों में 529 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए है। आपके जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची आपको उपलब्ध करायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में निर्धारित सभी केन्द्रों पर जैमर लगाने, परीक्षा हॉल में फोटो खींचने, एवं बायोमेट्रिक विधि से अभ्यर्थियों की फिंगर प्रिंट कैप्चर करने की व्यवस्था की गयी है। उपरोक्त वर्णित तिथियों में आयोजित लिखित परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में परीक्षा केन्द्रों पर

निर्वाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने की कृपा की जाय ताकि शांतिपूर्ण एवं कदाचार रहित परीक्षा संचालन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर बिजली की आपूर्ति हेतु जेनरेटर की व्यवस्था के लिए केन्द्राधीक्षक को जिला पदाधिकारी के माध्यम से पर्षद द्वारा अलग से राशि उपलब्ध करायी जाएगी।

(6) विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/बल की प्रतिनियुक्ति करने की कृपा की जाए। साथ ही साथ परीक्षा की तिथियों यथा **दिनांक** **01.10.2023 (रविवार), दिनांक 07.10.2023 (शनिवार) एवं दिनांक 15.10.2023 (रविवार)** को अपने स्तर से सर्वसंबंधित को सूचित करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक :- यथोपरि।**

विश्वासभाजन,

8/9/23

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

प्रतिलिपि :-

1. **अपर मुख्य सचिव**, गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
2. **पुलिस महानिदेशक**, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
3. **सभी प्रमंडलीय आयुक्त**, बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
4. **सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप-महानिरीक्षक, बिहार** को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
5. **सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक,** (गया जिला को छोड़कर) **बिहार** को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त तिथियों को परीक्षा के अवसर पर शांति /विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त बल की प्रतिनियुक्ति तथा उक्त परीक्षा हेतु बनाये गये पर्षद के संपर्क पदाधिकारी (पुलिस उपाधीक्षक) को कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करेंगे।
6. **सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी**, बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।

8/9/23

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार, पटना ।